संतकबीरनगर पुलिस

जनपद - संतकबीरनगर **प्रेस विज्ञप्ति** **दिनॉक 15-11-2021**

आज दिनांक 15.11.2021 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर **श्री अखिल कुमार** पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती **श्री राजेश मोदक** के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर **डा0 कौस्तुभ** के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक **श्री संतोष कुमार सिंह** के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सन्तकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य –

संतकबीरनगर पुलिस द्वारा दविश के दौरान 02 वारण्टी गिरफ्तार

थाना महुली पुलिस द्वारा दविश के दौरान 01 नफर वारण्टी नाम पता श्यामदेव पुत्र वासू निवासी गिठनी थाना महुली जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण- उ0नि0 श्री राजेश कुमार मिश्रा मय हमराह

थाना धर्मसिंहवा पुलिस द्वारा दविश के दौरान 01 नफर वारण्टी नाम पता बालेश्वर चौरसिया पुत्र सीताराम चौरसिया निवासी समोगर (कमाली पुरवा) थाना मेहदावल जनपद संतकबीरनगर को अमरहा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण- उ0नि0 श्री संजय सिंह मय हमराह कां0 भीमकुमार।

शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) मे 18 अभियुक्त गिरफ्तार

- **थाना दुधारा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना धनघटा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 03 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना मेहदावल पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना बखिरा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 05 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 04 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना बखिरा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

पीआरवी आफ द डे

पीआरवी 1494 द्वारा दुर्घटना में घायल महिला को पहुंचाया गया अस्पताल – पीआरवी 1494 को थाना बखिरा क्षेत्रांतर्गत कुसरूखुर्द से इवेन्ट संख्या 03401 से कालर ने मार्ग दुर्घटना मे एक महिला (शबीना खातून पत्नी शेख अली, निवासी ग्राम सेमरियांवा थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर) के घायल होने के संबन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा 06 मिनट में दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर दुर्घटना मे घायल हुई महिला को 108 एम्बुलेंस से भेजवाया गया तथा दुर्घटना के संबंध मे थाना बखिरा को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर दुर्घटना मे घायल महिला को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचायी गयी, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

पीआरवी स्टाफ – उ0नि0 श्री राजाराम प्रसाद, आ0 सुजीत कुमार सिंह , हो0चा0 देवेन्द्र नाथ राय।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 231 वाहनो से 183500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनांक 15.10.2021 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 231 वाहनो से 183500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।